# वर्तमान परिस्थितियों में महिलाओं की भूमिका पर मंथन




**इंदौर।** डेवलपमेंट फाउंडेशन द्वारा जाल सभागृह में 'वर्तमान परिस्थिति में महिलाओं की भूमिका' विषय पर विचार गोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम में शहर के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े बुद्धिजीवियों, शिक्षकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं वरिष्ठ नागरिकों ने भाग लेकर अपने विचार साझा किए। चर्चा में महिलाओं की बदलती भूमिका, सामाजिक चुनौतियां, पारिवारिक मूल्यों, शिक्षा, रोजगार और समाज में उनकी भागीदारी जैसे विषयों पर व्यापक मंथन किया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में पर्यावरण विद सुश्री मेघा बर्वे ने कहा की वर्तमान में लड़कियों की शिक्षा का स्तर बढ़ रहा है और वे आर्थिक रूप से भी सक्षम बन रही हैं। महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी पहचान बना रही हैं, लेकिन उच्च पदों और निर्णय लेने वाले स्तर पर उनकी भागीदारी अभी भी सीमित है। उन्होंने कहा कि समाज में बदलती जीवनशैली और कुछ सामाजिक प्रवृत्तियों के दीर्घकालिक प्रभावों पर भी गंभीरता से विचार किए जाने की आवश्यकता है।

पत्रकार सुश्री नेहा जैन ने कहा कि देश की आधी आबादी महिलाएं हैं, तो निर्णय लेने वाली जगहों पर उनकी भागीदारी केवल 13-14 प्रतिशत क्यों है। उन्होंने कहा कि भारत में आज भी महिला श्रम भागीदारी लगभग 33-35 प्रतिशत के आसपास है। यह महिलाओं की क्षमता का नहीं बल्कि अवसर और समान भागीदारी का प्रश्न है।

वरिष्ठ शिक्षक शोभा वैद्य ने कहा कि समाज के प्रमुख आधार परिवार, धर्म, राज्य और शिक्षा हैं, लेकिन वर्तमान समय में मूल्यों में गिरावट देखने को मिल रही है।

सामाजिक कार्यकर्ता सुमन ज्ञानी ने कहा कि महिलाओं में सहनशीलता और परिवार की आवश्यकताओं को समझने की सहज क्षमता होती है। सुश्री संगीता भारुका ने कहा कि वर्तमान समय में महिलाएं घर और कार्यस्थल दोनों जगह दोहरी जिम्मेदारी निभा रही हैं।

सुश्री रंजना नाइक ने सामाजिक बदलावों और परिवार व्यवस्था पर अपने विचार रखते हुए कहा कि वर्तमान समय में पारिवारिक मूल्यों और संस्कारों को मजबूत बनाए रखने की आवश्यकता है।

डॉ. पूनम माथुर ने कहा कि महिलाओं पर आज दोहरी और कई बार तिहरी जिम्मेदारियां आ रही हैं।

श्रीमती मीना श्रीवास्तव ने कहा कि संस्कारों की पहली पाठशाला परिवार होता है और बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण में माता-पिता की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है। सुश्री प्राणिता दीक्षित ने कहा कि महिलाओं की जो नकारात्मक छवि कभी-कभी समाज में दिखाई देती है, उसके पीछे लंबे समय तक झेली गई पीड़ा, संघर्ष और सामाजिक दबाव भी एक कारण हो सकते हैं।

परिचर्चा में सामाजिक कार्यकर्ता रेहाना खान, डॉ रमा चौहान , प्रो असद खान ,फादर पायस ने भी भाग लिया।

इस अवसर पर रामेश्वर गुप्ता, राजू सैनी, शफ़ी शेख एवं अशोक मित्तल आदि भी उपस्थित थे। आलोक खरे ने आभार व्यक्त किया।

## नि:शुल्क दंत परीक्षण शिविर आयोजित



**इन्दौर** श्रेयस विद्या निकेतन स्कूल गायत्री नगर में संस्था अभिश्री फाउंडेशन एवं ए-बीएफसी डे केयर सेंटर फॉर स्पेशल चिल्ड्रन के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क दंत परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 70 से अधिक विशेष बच्चों का दंत परीक्षण किया गया। इस दौरान डॉ. श्वेता दलाल ने बच्चों के दांतों की जांच की और पालकों को दांतों की देखभाल, सही ब्रश करने के तरीके एवं समय पर इलाज के महत्व के बारे में जागरूक किया। साथ ही बच्चों को टूल किट के साथ सर्टिफिकेट भी बांटे गये। शिविर के सफल संचालन में अमिता ममगई, सलोनी जाट, सिद्रा अफगानी, सलोनी चौधरी, शीतल गुसाई, कृतिका टाडा, नमन नवलानी, आईआईएम रोहतक की छात्रा हिमांशी छाबड़ा एवं देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग के छात्रों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। संस्था प्रमुख अंकुर लोकरे ने सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संस्था भविष्य में भी विशेष बच्चों के स्वास्थ्य एवं विकास के लिए ऐसे शिविर आयोजित करती रहेगी।

## योग महोत्सव 1 जून को, 30 हजार लोग करेंगे सामूहिक योग, विश्व रिकॉर्ड की तैयारी



**इन्दौर** योग को जन-आंदोलन का स्वरूप देना और लोगों को स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से मालवांचल यूनिवर्सिटी परिसर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आगामी 1 जून को विशाल योग महोत्सव आयोजित किया जाएगा। जिसमें 30 हजार से अधिक लोगों के सामूहिक योगाभ्यास के जरिए विश्व रिकॉर्ड बनाने का लक्ष्य रखा गया है। मालवांचल युनिवर्सिटी, अमलतास यूनिवर्सिटी, इंडेक्स एवं अमलतास समूह संस्थानों द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम सुबह 9 बजे शुरू होंगा जिसमें विद्यार्थियों, सामाजिक संगठनों, ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिकों और आमजन की बड़ी भागीदारी रहेगी। कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर आयुष मंत्रालय द्वारा आयोजित योग महोत्सव और काउंटडाउन कार्यक्रमों की श्रृंखला का हिस्सा है। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के योग गुरु और एस-व्यासा यूनिवर्सिटी बेंगलुरु के कुलाधिपति डॉ. एचआर नागेंद्र विशेष रूप से मौजूद रहेंगे। उनके मार्गदर्शन में सामूहिक योगाभ्यास, प्राणायाम और ध्यान सत्र आयोजित किए जाएंगे। साथ ही प्रतिभागियों को योग के शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक लाभों की जानकारी भी दी जाएगी।

## नर्मदा माई को खलघाट पर साडी चुन्दरी ओडाई



मंगल मुर्ति महिला मडंल के द्वारा गंगा दशहरा पर नर्मदा माई को खलघाट के सोलर घाट पर साडी चुन्दरी ओडाई इस पार से उस पार तक उक्त जानकरी मंगल मूर्ति राहवास संघ के अध्यक्ष श्रवण वर्मा ने बातया और जो पुजा पाठ मंगल मूर्ति के गार्डन पर करते है और रोज सुबह छै बजे से भगवान श्री विष्णु की पुरुषोत्तम मास के अवसर पुजन पाठ भजन कीर्तन के साथ खुब लाड दुलार के साथ लडडू गोपाल ओर साथ श्री गोवर्धन नाथ सात वर्ष को सावरो श्री गोवर्धन नाथ के साथ अनंद मंगल से भजन कीर्तन पुजन करते हुए इस अवसर पर सुधा खण्डेलवाल अनिता पाटीदार ललिता वर्मा साधना पटेल माया गोर गीता व्यास किर्ति पाटीदार ममतेश शर्मा कुसुम मौर्य शीला लोधी चन्दा खण्डेलवाल लक्ष्मी पाटीदार आशा गर्ग सन्तोष सोमानी विनीता पाटीदार छाया पावर राधा चौहान पार्वती पाटीदार उषा पाटीदार ओर अन्य महिलाए भी उपस्थित थी।

## कार्टून कोना




# नि: शुल्क अनूठा पाचन स्वास्थ्य कैंप

**इंदौर।** जैन सोशल ग्रुप संगिनी शक्ति एवं स्वर्णिम फाउंडेशन के तत्वावधान में इंदौर का प्रथम नि :शुल्क ऑनलाइन आयुर्वेदिक पाचन स्वास्थ्य कैंप आयोजित किया जा रहा है। यह विशेष ऑनलाइन शिविर कब्ज, गैस, एसिडिटी एवं पाचन संबंधी समस्याओं से पीड़ित लोगों के लिए लाभकारी रहेगा।



ग्रुप की अध्यक्ष शारदा जैन एवं लक्षा जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि शिविर में आयुर्वेद विशेषज्ञों द्वारा ऑनलाइन परामर्श प्रदान किया जाएगा तथा मरीजों को एक माह के आयुर्वेदिक कैप्सूल निःशुल्क उपलब्ध कराए जाएंगे। मरीज चाहें तो दवाइयाँ शिविर स्थल स्वर्णिम फाउंडेशन से प्राप्त कर सकते हैं अथवा कोरियर द्वारा मंगवा सकते हैं। कोरियर से दवा मंगाने पर कोरियर शुल्क देय होगा, जिसका भुगतान पेटीएम के माध्यम से किया जा सकेगा।

विवेक जैन एवं सक्षम राठौर ने बताया कि मरीजों को व्हाट्सएप नंबर 9179078878 पर अपने लक्षण भेजने होंगे तथा यह भी लिखना होगा कि कब्ज, गैस एवं एसिडिटी के अतिरिक्त उन्हें और कौन-कौन सी तकलीफ़ें हैं।

रेखा जैन एवं पूजा कपिल जैन ने जानकारी दी की प्रत्येक मरीज को व्हाट्सएप पर एवं दवाइयों के साथ एक विशेष ट्रीटमेंट स्लिप भी प्रदान की जाएगी, जिसमें दवा लेने की विधि, पथ्य-अपथ्य, योगासन एवं आवश्यक विशेष निर्देशों की विस्तृत जानकारी रहेगी।

## देवी अहिल्या नारी गौरव अलंकरण से 21 महिलाएं होंगी सम्मानित

**इंदौर** ।सत्कार कला कल्याण समिति आगामी 31 मई को पुण्य श्लोका देवी अहिल्या बाई होलकर की पावन स्मृति में देवी अहिल्या नारी गौरव अलंकरण समारोह- 2026 का आयोजन कर रही है। यह समारोह रविवार को सुबह 11 बजे साउथ तुकोगंज स्थित जाल सभागृह में होगा। यह जानकारी देते हुये समिति की उपाध्यक्ष एवं प्रख्यात महिला कार्डियो लॉजिस्ट डॉ. सरिता राव एवं मानद् सचिव विजय पारेख ने बताया कि सम्मानित होने वाली सभी महिलाये विभिन्न समाजो एवं वर्गो की है। समिति का यह 16वां सम्मान - समारोह है। समिति के उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम वाघमारे ने बताया कि समारोह की मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग की उप सचिव श्रीमती कीर्ति खुरासिया (आईएएस) होगी।अध्यक्षता करेगी अभ्यास मंडल की सचिव डॉ. माला सिंह ठाकुर। यह सम्मान ऐसी महिलाओ को प्रदान किया जाता है, जिन्होंने देवी अहिल्या बाई होलकर के जीवन से प्रेरणा लेकर नारी सशक्तिकरण और स्वालंबन के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दे रही है।

## एमपीपीएससी के लिए नि :शुल्क कोचिंग 1 जून से

**इन्दौर** मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग (एमपीपीएससी) मुख्य परीक्षा 2026 की तैयारी के लिए शासकीय परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र, इंदौर द्वारा निःशुल्क कोचिंग 01 जून 2026 से प्रारंभ की जाएगी। इस संबंध में सहायक आयुक्त एवं प्राचार्य श्रीमती आशा चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि एमपीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा 2026 में उत्तीर्ण पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी संस्थान से आवेदन पत्र प्राप्त कर आवश्यक दस्तावेजों सहित शीघ्र जमा करें, ताकि अधिक से अधिक पात्र विद्यार्थी शासन की इस योजना का लाभ प्राप्त कर सकें। प्रशिक्षण शासकीय परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र, नवीन विधि महाविद्यालय के सामने, तक्षशिला परिसर, खंडवा रोड, भंवरकुआं, इंदौर में संचालित होगा। प्रशिक्षण के लिए निर्धारित नियम एवं शर्तों के अनुसार आवेदक मध्यप्रदेश का अनुसूचित जाति अथवा अनुसूचित जनजाति वर्ग का होना चाहिए। अभ्यर्थी की सभी स्रोतों से वार्षिक आय 6 लाख रुपये से अधिक नहीं होनी चाहिए। न्यूनतम आयु 18 वर्ष तथा अधिकतम आयु 35 वर्ष निर्धारित की गई है।

## रजत तुलसी पत्र से नृसिंह भगवान की सहस्त्र अर्चना हुई

**इंदौर**, नरसिंह बाजार स्थित नरसिंह मंदिर में लक्ष्मी नरसिंह भगवान की रजत तुलसी पत्र से सहस्त्र अर्चना हो रही है



मंदिर के पुजारी पंडित छोटेलाल जी शर्मा ने बताया पुरुषोत्तम मास में चल रहे मासिक अनुष्ठान में नागोरिया पीठाधिपति स्वामी विष्णुप्रपन्नाचार्य जी महाराज , यतिंद्राचार्य जी महाराज विशेष रूप से पधारकर प्रभु की आरती उतारी और भक्तजनों को आशीर्वाद दिया नवतपा में प्रभु को शीतलता प्रदान करने के लिए खस की चटाई का बंगला बनाकर मोगरे के फूल से सजाया

पुरुषोत्तम कमला एकादशी के पर्व पर अनेकों को भक्तवृंदो ने आचार्य पंडित मोहित शर्मा के आचार्यत्व में लक्ष्मी नृसिंह भगवान की अर्चना श्रीमते नारायण नमः, पुरुषोत्तमाय नमः समवेत स्वर में बोलकर तुलसी दल मोगरा गुलाब रजत तुलसी पत्र रजत कमल पुष्प से सहस्त्र अर्चना करी अंत में आरती उतारकर भक्त जनों को प्रसाद वितरण किया 1 जून से 7 जून तक श्रीमद् भागवत सप्ताह का आयोजन शाम 4:00 बजे से 7:00 बजे तक होगा इस अवसर पर कृष्णा नेमा मोहित कश्यप पम्मी चौहान आदित्य शास्त्री लालू नीमा उपस्थित होकर व्यवस्था संभाल रहे थे नितिन नामदेव ने जानकारी दी

# दिवंगत अभिभाषकों के परिजनों को मृत्यु-दावा धनराशि शीघ्र-अतिशीघ्र प्रदान करवाने की मांग

**इन्दौर** अभिभाषक संघ इन्दौर के पूर्व-अध्यक्ष गोपाल कचोलिया अभिभाषक ने बताया है कि मध्यप्रदेश शासन द्वारा मुख्यमंत्री अधिवक्ता कल्याण योजना- 2012 के अन्तर्गत दिवंगत अभिभाषकों के परिजनों को एक लाख रुपए की धनराशि प्रदान की जाती है। लेकिन विगत दो-वर्षों में दिवंगत हुए अभिभाषकों के परिजनों को यह धनराशि मध्यप्रदेश शासन द्वारा फण्ड में धनराशि नही भेजने के कारण से अभी तक प्राप्त नही हुई है। इससे दिवंगत अभिभाषकों के परिजनों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गौरतलब है कि वर्ष 2018 में मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद द्वारा भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में तात्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने घोषणा की थी कि अब अभिभाषकों की मृत्यु के बाद उसके नामिनी/परिजनों को मृत्यु दावा धनराशि के रूप में मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद द्वारा ढ़ाई लाख रुपए 250000/- रूपए और मध्यप्रदेश शासन द्वारा मुख्यमंत्री अधिवक्ता कल्याण योजना के अन्तर्गत 250000/- ढ़ाई लाख रुपए दिवंगत अभिभाषकों के परिजनों को प्रदान किए जाएंगे। वर्ष 2019 से मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद ने तो दिवंगत अभिभाषकों के परिजनों / नामिनी को ढ़ाई लाख रुपए (250000/- रुपए ) प्रदान करना शुरू कर दिया है, लेकिन मध्यप्रदेश शासन द्वारा मुख्यमंत्री अधिवक्ता कल्याण योजना 2012 के अन्तर्गत मात्र एक लाख रुपए ही प्रदान किए जा रहे है।जिसे वर्ष 2018 में की गई घोषणा के अनुसार बढ़ाकर ढ़ाई लाख रुपए (250000/- रूपए) किये जाने की तीव्र आवश्यकता है। लेकिन विगत दो वर्षों से आवेदन करने वाले सैकड़ों अभिभाषकों के नामिनी /परिजनों को मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद द्वारा प्रदान की जाने वाली ढ़ाई लाख रुपए की धनराशि तो प्राप्त हो गई है, लेकिन मुख्यमंत्री अधिवक्ता कल्याण योजना के अन्तर्गत प्राप्त होने वाली एक लाख रुपए की धनराशि मध्यप्रदेश शासन द्वारा मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद के फण्ड में धनराशि नही भेजने के कारण से प्राप्त नही हो सकी है।

## दामाद की हत्या के आरोपी ससुराल वाले साक्ष्य के अभाव में बरी

**इन्दौर** अपर सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार राठी की कोर्ट ने हत्या के एक प्रकरण की सुनवाई उपरांत दामाद की हत्या के आरोपी ससुराल वालों को पुख्ता साक्ष्य नहीं होने के चलते दोषमुक्त करार देते बरी कर दिया। अभियोजन कहानी संक्षेप में इस प्रकार है कि रिक्शा चालक लक्की चौहान की शादी प्राची से हुई थी। घटना वाले दिन 30 मई 2020 की दोपहर करीब ढाई बजे प्राची पति लक्की को बुलाकर वाल्मीकि नगर, बाणगंगा स्थित अपने मायके और उसके ससुराल ले गई थी। वहां आरोपियों ने उस पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। गंभीर हालत में उसे अस्पताल ले जाया गया जहां इलाज के दौरान लक्की की मौत हो गई। पुलिस ने कार्रवाई दौरान उसके मृत्यु पूर्व कथन लिए थे। इसमें उसने सास सरिता, ससुर हेमंत, पत्नी प्राची, नानी सास सुशीला, अन्य रिश्तेदार सुनील के अतिरिक्त एक अन्य नाबालिग आरोपी द्वारा पेट्रोल डालकर जलाने की बात कही। इसके आधार पर पुलिस ने इनके खिलाफ केस दर्ज कर विवेचना उपरांत प्रकरण चालान कोर्ट में पेश किया। जहां सक्षम न्यायालय ने सुनवाई उपरांत लक्की के मृत्यु पूर्व कथन सही तरीके से लेखबद्ध नहीं किये जाने और आरोपियों के खिलाफ अन्य पुख्ता साक्ष्य नहीं होने के चलते इन्हें दोषमुक्त करार दे दिया।

# पुरुषोत्तम माह में 11 जोड़ों ने किया एकादशी व्रत उद्यापन

**इंदौर।** श्री सकल पंच राठौर समाज महिला मंडल द्वारा पुरुषोत्तम माह के पावन अवसर पर एकादशी व्रत उद्यापन महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 11 जोड़ों ने विधि-विधान के साथ एकादशी व्रत उद्यापन में भाग लेकर धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराया। कार्यक्रम का समापन लड्डू गोपाल की आरती एवं पूजा-अर्चना के साथ भक्तिमय वातावरण में हुआ।

इस अवसर पर महिला मंडल अध्यक्ष संगीता विजय देवड़ा ने सकल पंच राठौर समाज अध्यक्ष ललित राठौर एवं समाजजनों के साथ व्रतधारियों का सम्मान पत्र एवं दुपट्टा पहनाकर अभिनंदन किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संरक्षक मंजू श्री बोडाने, अर्चना, उषा राठौर, शिवकन्या राठौर, सीता राठौर, भावना गहलोत, वंदना राठौर, महिला मंडल महामंत्री हेमलता राठौर, प्रमिला राठौर, प्रेमलता राठौर, रचना राठौर, लता राठौर, तारा राठौर, आरती राठौर, गीता राठौर एवं नीतु राठौर उपस्थित रहीं।



धार्मिक आयोजन में समाज अध्यक्ष के नेतृत्व में संरक्षक सोनू राठौर, अशोक राठौर, हरीश राठौर, महेश राणावत, राजू राठौर, विजय राठौर, पंकज राठौर सोनी, जितेंद्र राठौर, महामंत्री नितिन राठौर तथा युवा टीम के सदस्य मयंक दीप, राजू राठौर, मयंक राठौर, अक्षय राठौर एवं निलेश राठौर ने आयोजन व्यवस्थाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।